


# गोपनीयता पॉलिसी

ATFX

# गोपनीयता पॉलिसी

## विषय-सूची


1. इस पॉलिसी का लागू होना ....................2
2. निजी एवं गोपनीय जानकारी लेने और उसे उपयोग करने का उद्देश्य ....................3
3. तीसरे पक्ष द्वारा निजी एवं गोपनीय जानकारी तक पहुँच ....................4
4. निजी एवं गोपनीय जानकारी स्टोर करना ....................5
5. अपनी निजी एवं गोपनीय जानकारी तक कस्टमर का एक्सेस ....................6
6. कुकीज़ का उपयोग ....................6
7. शिकायतें एवं पूछताछ ....................7

ATFX

AT Global Markets LLC (जिसे आगे " **ATG**" या "**कंपनी**" कहा जाएगा) द्वारा गोपनीयता पॉलिसी (जिसे आगे "**पॉलिसी**" कहा जाएगा) के इन तरीकों से पूर्व और वर्तमान कस्टमरों (जिन्हें आगे "**कस्टमर**" कहा जाएगा) से जानकारी पाने, उपयोग करने, उसे बनाए रखने और प्रकट करने के लिए कंट्रोल करती है:

- कंपनी की वेबसाइट www.atfx.com
- कंपनी और कस्टमरों के बीच, ईमेल, टेक्स्ट संदेश और अन्य डिजिटल आदान-प्रदान जैसे इलेक्ट्रॉनिक पत्राचार।
- कंपनी के किसी प्रतिनिधि (जिसे आगे "**एजेंट**" कहा जाएगा) के साथ टेलीफोन पर बातचीत।

कस्टमर की पहचान करने में सक्षम कोई भी डेटा कंपनी ले सकती है, जिसमें उनका नाम, डाक पता, ईमेल पता, पासपोर्ट नंबर, टैक्स और भुगतान विवरण, फोटोग्राफिक आईडी या कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी (जिसे आगे "**निजी जानकारी**" कहा जाएगा) शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

शिकायत को दायर या कंपनी की सर्विसेस संबंधी चर्चा के समय कस्टमरों से प्राप्त कोई भी गोपनीय जानकारी, जिसमें सर्वेक्षण शामिल हैं, लेकिन उस तक सीमित नहीं, गोपनीय मानी जाती है (जिसे आगे "**गोपनीय जानकारी**" कहा जाएगा)।

कस्टमरों की निजी और गोपनीय जानकारी की गोपनीयता और अखंडता को प्राथमिकता देते हुए उसकी सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी तब भी प्रतिबद्ध है, जब कस्टमर कंपनी के साथ कोई लेन-देन न कर रहा हो। यह प्रतिबद्धता कंपनी द्वारा प्राप्त डेटा, कस्टमरों द्वारा दी गई जानकारी या बाहरी स्रोतों से प्राप्त डेटा पर भी लागू है।

इस गोपनीयता पॉलिसी के अनुसार कस्टमर कंपनी की वेबसाइट को एक्सेस और उसकी किसी सर्विस का उपयोग कर, ATG को अपनी निजी और गोपनीय जानकारी लेने, बनाए रखने, उपयोग करने और प्रकट करने की स्पष्ट सहमति देता है।

सभी नियमों और शर्तों के वर्शनों में किसी भी असंगति की स्थिति में, अंग्रेजी वर्शन ही मान्य होगा।

1. **<u>इस पॉलिसी का लागू होना</u>**

1.1. लागू कानूनों और विनियमों का पालन और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह पॉलिसी कंपनी में लागू हो, ATG ने डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर (जिसे आगे "**डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर**" कहा जाएगा) नियुक्त किया है।

डेटा सुरक्षा उल्लंघनों से निपटने और इस पॉलिसी में सुधार के लिए डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर ज़िम्मेदार है।

1.2. डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर और ATG की ओर से निजी और गोपनीय जानकारी तक एक्सेस रखने वाले सभी कर्मचारियों (जिन्हें आगे "**कर्मचारी**" कहा जाएगा) द्वारा इस पॉलिसी का पालन करना आवश्यक है।

1.3. निजी और गोपनीय जानकारी की आकस्मिक हानि, अनधिकृत एक्सेस, परिवर्तन, प्रकटीकरण या विनाश से बचाव के लिए कंपनी उपयुक्त डेटा कलेक्शन, स्टोरेज और प्रोसेसिंग तरीके और सुरक्षा उपाय करेगी और ऐसी निजी और गोपनीय जानकारी की गोपनीयता और निजता बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर देने के लिए अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देगी।

1.4. निजी और गोपनीय जानकारी को कर्मचारी इन तरीकों से मैनेज करेंगे:

- सार्वजनिक स्थानों पर गोपनीय जानकारी की चर्चा नहीं होगी और निजी और गोपनीय जानकारी केवल "जानने की जरूरत" के आधार पर ही शेयर की जाएगी।
- कानून की अपेक्षानुसार, प्रोडक्ट या सर्विस अपडेट संबधी निजी और गोपनीय जानकारी आवश्यकतानुसार हर समय, सुरक्षित रखी जाएगी।
- कस्टमर फ़ाइलें स्टोर करने के लिए उपयोग की जाने वाली तिजोरियां/अलमारियां हर समय सुरक्षित तरीके से बंद रखते हुए निरंतर साफ़-सुथरी डेस्क पॉलिसी का पालन होगा।
- बिना पर्याप्त सुरक्षा उपायों के निजी और गोपनीय जानकारी ट्रांसफर नहीं की जाएगी।

1.5. इस पॉलिसी का किसी भी उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और जरूरी समझे जाने पर ऐसे उल्लंघन के लिए बर्खास्तगी सहित उचित दंड दिया जा सकता है।

## 2. <u>निजी एवं गोपनीय जानकारी लेने और उसका उपयोग करने का उद्देश्य</u>

2.1. कंपनी विभिन्न उद्देश्यों से कस्टमरों की निजी एवं गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखती है, जिनमें ये शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- कस्टमर की पहचान का सत्यापित करना।
- ट्रेडिंग और गैर-ट्रेडिंग ऑपरेशनों को सुगम बनाना और प्रोसेस करना।
- कस्टमरों के हितों के अनुरूप कंपनी के प्रोडक्टों या सर्विसेस के बारे में उन्हें सूचित करना और निजी प्रोडक्ट एवं सर्विस अनुशंसाओं के लिए सांख्यिकीय डेटा का विश्लेषण करना।
- कस्टमर के अकाउंट जानकारी का सही रिकॉर्ड रखना।
- किसी भी पूछताछ में कस्टमर की सहायता करना।
- कस्टमर के निवेश हितों को देखते हुए निजी समाचार, बाज़ार अंतर्दृष्टि, सूचनाएं और अन्य सामग्री उपलब्ध करवाना।
- कस्टमर को अकाउंट में डिपॉजिट करने और सर्विसेस पाने में सक्षम करना।
- वेबसाइटों, एप्लिकेशनों, सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफ़ॉर्मों पर प्रासंगिक विज्ञापन देना।

- कस्टमर को जोखिम मैनेजमेंट संदेश भेजना या कस्टमर के जोखिम प्रोफ़ाइल अनुसार कंपनी की सर्विसेस का दायरा एडजस्ट करना, जिसमें स्वचालित टूलों का उपयोग शामिल हो सकता है।

2.2. डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर जब तक मूल उद्देश्य के अनुकूल वैकल्पिक उपयोग की जरूरत का उपयुक्त निर्धारण न कर ले, कंपनी निजी और गोपनीय जानकारी का उपयोग केवल उन्हीं उद्देश्यों से करेगी जिनके लिए इसे शुरू में लिया गया था।

2.3. जहाँ कानून की अपेक्षा या अनुमति हो, कंपनी उपर्युक्त नियमों का पालन करते हुए कस्टमर की जानकारी या सहमति के बिना निजी और गोपनीय जानकारी को प्रोसेस कर सकती है।

2.4. यदि कस्टमर चाहे कि उसकी निजी और गोपनीय जानकारी का उपयोग कंपनी द्वारा न किया जाए, तो वे डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर को ईमेल भेजकर इसका औपचारिक अनुरोध कर सकते हैं।

2.5. विपणन उद्देश्यों से निजी और गोपनीय जानकारी कंपनी प्रोसेस न करे, इसका अनुरोध करने का ऑप्शन कस्टमर के पास है। कस्टमर की जानकारी का उपयोग विपणन उद्देश्यों से करने या ऐसे उद्देश्यों से उसे थर्ड पार्टियों से शेयर करने के अपने इरादे की सूचना कंपनी कस्टमर को जानकारी लेने से पहले देगी। कस्टमर को इस अधिकार का प्रयोग करने और ऐसी प्रोसेसिंग रोकने के लिए डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर को ईमेल से अपना अनुरोध करना चाहिए।

2.6. कस्टमर द्वारा इससे बाहर निकलने का ऑप्शन चुनने पर, कस्टमर द्वारा अनुरोध की गई जानकारी, सर्विसेस और प्रोडक्ट देना जारी रखने में कंपनी असमर्थ हो सकती है। ऐसे स्थिति में होने वाले किसी भी परिणाम के लिए कस्टमर के प्रति कंपनी उत्तरदायी नहीं होगी।

## 3. <u>तीसरे पक्ष द्वारा निजी एवं गोपनीय जानकारी तक पहुँच</u>

3.1. इस पॉलिसी के सेक्शन 2.1 और स्टैंडर्ड बिजनेस शर्तों के सेक्शन 37 में बताए उद्देश्यों से आवश्यक, उचित और वैध होने पर, कंपनी निजी और गोपनीय जानकारी थर्ड पार्टियों से शेयर करेगी। नीचे बताई पार्टियां इनमें शामिल हो सकती हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- कंपनी की संबद्ध फर्में
- डेटा प्रोसेसर सहित कंपनी के फंड मैनेजर, रेफ़रिंग पार्टनर।
- कस्टमर की ओर से कंपनी से संबद्ध, कस्टमर के ब्रोकर या सलाहकार।
- क्रेडिट संदर्भ एजेंसियाँ, धोखाधड़ी-रोधी संगठन, कानून प्रवर्तन और कोई अन्य सरकारी अथॉरिटी (अपेक्षित होने पर)।
- कानूनी दायित्वों, ज़िम्मेदार प्रथाओं या कानूनी दावों के प्रकटीकरण की आवश्यकता होने पर ऐसे व्यक्ति या अथॉरिटी।
- कंपनी और कस्टमर के बीच किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में कंपनी का कानूनी विभाग या संबद्ध कानूनी फर्म।
- अन्य थर्ड पार्टियां, बशर्ते कस्टमर ने ऐसा शेयर करने की अपनी सहमति दी हो।

ATFX

3.2. कंपनी के किसी बिजनेस या एसेट की बिक्री या अधिग्रहण में लिप्त होने पर, वह ऐसे ट्रांजेक्शन में शामिल संभावित विक्रेताओं या खरीदारों को निजी और गोपनीय जानकारी का खुलासा करेगी।

3.3. ऐसे मामलों में जहाँ निजी और गोपनीय जानकारी का खुलासा या शेयर करने का कंपनी पर कानूनी दायित्व हो, चाहे वह कानूनी आदेशों या अपने स्टैंडर्ड बिजनेस शर्तों और अन्य समझौतों का पालन करने के लिए हो, ऐसी कार्रवाइयाँ कंपनी के हितों, उसके कस्टमरों के हितों या अन्य संबंधित पार्टियों के हितों के बचाव के प्राथमिक उद्देश्य से होंगी। धोखाधड़ी रोकने और क्रेडिट जोखिम कम करने के लिए बाहरी कंपनियों और संगठनों से ऐसी जानकारी शेयर करना आवश्यक हो सकता है।

## 4. <u>निजी एवं गोपनीय जानकारी स्टोर करना</u>

4.1. सिक्यूरिटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कंपनी निजी एवं गोपनीय जानकारी के बचाव के व्यापक उपाय करती है। इनमें गोपनीयता के आंतरिक स्टैंडर्ड का कड़ाई से पालन और अत्याधुनिक डेटा स्टोरेज तकनीक का उपयोग शामिल है।

4.2. किसी थर्ड-पार्टी सर्विस प्रोवाइडर के लिए भी कंपनी ऐसे ही कठोर डेटा सिक्यूरिटी स्टैंडर्ड अपनाएगी। इन प्रोवाइडरों का चयन संविदात्मक समझौतों से किया जाता है, जिसमें उन्हें कानून के अनुसार डेटा सिक्यूरिटी नियमों का अनुपालन प्रदर्शित करना आवश्यक होता है।

4.3. डेटा न्यूनीकरण के सिद्धांत का पालन करते हुए, प्रत्येक विशिष्ट उद्देश्य से आवश्यक न्यूनतम निजी एवं गोपनीय जानकारी का उपयोग करने के लिए कंपनी प्रतिबद्ध होगी।

4.4. कस्टमर को क्रेडिट/डेबिट कार्ड से भुगतान प्रोसेस करते समय, प्रोसेसिंग सेंटर की वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, जहाँ उन्हें एक फ़ॉर्म भरना होगा। क्रेडिट/डेबिट कार्ड के अनधिकृत उपयोग से बचाव के लिए, कस्टमर के कार्ड की जानकारी सुरक्षित सर्वर से एन्क्रिप्टेड फार्मेट में कंपनी को प्रेषित की जाती है। डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर के निर्देश पर कंपनी विशिष्ट और असाधारण परिस्थितियों में, क्रेडिट या डेबिट कार्ड के भुगतान का रिफंड कर सकती है। ऐसे स्थिति में, फंड का रिफंड प्रारंभिक डिपॉजिट के लिए उपयोग किए गए मूल कार्ड में होगा।

4.5. निजी और गोपनीय जानकारी मिलने पर, कंपनी उसका अनधिकृत एक्सेस रोकने की कठोर प्रक्रियाओं और सिक्यूरिटी सुविधाएं उपयोग करेगी, लेकिन इंटरनेट से जानकारी का ट्रांसमिशन पूर्णतया सुरक्षित नहीं है।

निजी और गोपनीय जानकारी का कोई भी ट्रांसमिशन कस्टमर के अपने जोखिम पर है। वेबसाइटों पर मौजूद गोपनीयता सेटिंग या सिक्यूरिटी उपायों के उल्लंघन के लिए कंपनी ज़िम्मेदार नहीं है।

4.6. इस पॉलिसी के सेक्शन 2 में बताए उद्देश्यों से आवश्यक समय तक या कानून द्वारा या कानूनी दावों के लिए अपेक्षित समय तक कंपनी निजी और गोपनीय जानकारी रखेगी।

निजी और गोपनीय जानकारी की जरूरत न रहने पर, प्रोसेस के दौरान और बाद में किसी को जानकारी तक एक्सेस से रोकने के लिए इसकी कतरन कर या अन्य अनुमोदित तरीकों से इसे नष्ट कर दिया जाएगा।

**5. <u>तीसरे पक्ष द्वारा निजी एवं गोपनीय जानकारी तक पहुँच</u>**

5.1. अपने कस्टमर की फ़ाइलों की पूर्णता और सटीकता बनाए रखने के लिए कंपनी प्रतिबद्ध है।

5.2. जहाँ तक कस्टमर की निजी और गोपनीय जानकारी का संबंध है, डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर को दस (10) अमेरिकी डॉलर का शुल्क डिपॉजिट सहित औपचारिक अनुरोध करने पर, कस्टमर को कंपनी में रखी जानकारी की कॉपी प्राप्त करने का अधिकार है।

5.3. पहले से दी गई जानकारी को यदि कस्टमर संशोधित या अपडेट करना चाहे, कंपनी के डेटाबेस से डेटा हटाना चाहे या कंपनी के विशिष्ट संचार से बाहर निकलना चाहे, तो उसे मुख्य कंप्लायंस ऑफिसर को लिखित अनुरोध करना चाहिए। इन कार्रवाइयों से होने वाले किसी भी परिणाम के लिए कंपनी उत्तरदायी नहीं होगी।

5.4. कंपनी की वेबसाइट पर यह पॉलिसी उपलब्ध है और कंपनी के पास समय-समय पर इसे अपडेट करने का अधिकार सुरक्षित है।

कोई भी महत्वपूर्ण बदलाव करने पर, संशोधित पॉलिसी तुरंत वेबसाइट पर पोस्ट होगी, साथ ही इन संशोधनों की जानकारी देने के लिए कस्टमरों को सामान्य सूचना भी दी जाएगी और कस्टमर इससे सहमत है कि वेबसाइट पर संशोधित पॉलिसी की इलेक्ट्रॉनिक पोस्टिंग से उन्हें वास्तविक सूचना मिलती है। कंपनी द्वारा ली गई जानकारी, उसके उपयोग और उसे किन पार्टियों से शेयर किया जा सकता है, इससे संबंधित जानकारी पाने के लिए कस्टमरों को नियमित तौर पर इस पॉलिसी की समीक्षा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**6. <u>कुकीज़ का उपयोग</u>**

6.1. कुकीज़ में, छोटी डेटा फाइलें होती हैं जिनमें अक्सर विशिष्ट पहचान संख्या या मान होता है, जो कस्टमर के कंप्यूटर की हार्ड ड्राइव पर तब स्टोर होती हैं जब वह इस ट्रेडिंग सॉफ़्टवेयर का उपयोग और वेबसाइट एक्सेस करता है। अपने ट्रेडिंग सॉफ़्टवेयर से वेब पेज तैयार करके कस्टमर की ज़रूरतों और प्राथमिकताओं के अनुसार कंपनी वेबसाइट पर कुकीज़ के उपयोग से उसके अनुभव बेहतर बनाने के लिए करती है।

6.2. सामान्यतया इंटरनेट पर कुकीज का उपयोग अनेक वेबसाइटों पर होता है। बहरहाल, अपने ब्राउज़र की प्राथमिकताओं और विकल्पों को एडजस्ट करके कस्टमर के पास कुकीज़ की स्वीकृति कंट्रोल करने का ऑप्शन होता है। मगर, कस्टमर के ब्राउज़र, विशेष रूप से वेबसाइट के सुरक्षित भागों

में, कुकी स्वीकृति अक्षम करने से साइट के कुछ हिस्सों तक उसकी एक्सेस प्रतिबंधित हो सकती है।

**7. <u>शिकायतें और पूछताछ</u>**

7.1. इस पॉलिसी में कस्टमर की गोपनीयता संबंधी पूछताछ या इस पॉलिसी की किसी अन्य समस्या का समाधान न होने पर, वे इनमें से किसी भी तरीके से कंपनी से संपर्क कर सकते हैं

- लिखित में:
- यूरो हाउस, रिचमंड हिल रोड, किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस

**7.2.** यदि कस्टमर को लगे कि कंपनी की कोई भी कार्रवाई इस पॉलिसी का उल्लंघन करती है या उनकी गोपनीयता का पर्याप्त संरक्षण नहीं करती, तो उनके पास शिकायत दर्ज कराने का ऑप्शन है। शिकायत दर्ज करने के मार्गदर्शन के लिए कस्टमर को कंपनी की शिकायत निवारण और प्रोसेसिंग पॉलिसी देखनी चाहिए।